## खबर संक्षेप

### श्री श्याम महोत्सव में दिखा भक्ति और श्रद्धा का संगम

**तरावड़ी।** श्री श्याम परिवार करनाल की ओर से 19वां श्री बालाजी जी एवं श्री श्याम वंदना महोत्सव का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे पूज्य चित्र विचित्र महाराज ने अपने मधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।श्री श्याम परिवार की और से गोल्डन मोमेंट में आयोजित महोत्सव में दिल्ली से आयी हुई गायिका आयुषी राज ने हारे का सहारा बाबा श्याम के भजनो से बाबा का गुणगान किया।

### चित्र-विचित्र महाराज के भजनों से गूंजा पंडाल

**करनाल।** श्री श्याम परिवार द्वारा आयोजित 19वें श्री बालाजी एवं श्री श्याम वंदना महोत्सव में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में वृंदावन से पधारे पूज्य चित्र-विचित्र महाराज ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गोल्डन मोमेंट में आयोजित इस भव्य महोत्सव में दिल्ली से आई गायिका आयुषी राज ने "हारे का सहारा बाबा श्याम" जैसे भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### गीता मॉडर्न स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वैसाखी पर्व एवं अंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

### प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में बैसाखी पर्व का उत्साह

**तरावड़ी।** बैसाखी तथा जलियांवाला बाग हत्याकांड के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण उत्साह, देशभक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण कक्षा पाँच च अज के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर एवं प्रभावशाली नाटिका रही। इस नाटिका के माध्यम से बच्चों ने जलियांवाला बाग़ की दर्दनाक घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित सभी दर्शकों की आँखें नम हो गईं।

### नरसिंह दास स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्यौहार पारंपरिक उत्साह , उमंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे हुए बहुत सुंदर लग रहे थे। मंच का संचालन साइंस संकाय ग्यारहवीं कक्षा की विद्यार्थी निकिता द्वारा किया गया। बैसाखी पर्व के उपलक्ष में साइंस संकाय की भूमि व शिम्पी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे पारंपरिक परिधान पहन कर भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुति दी।

### भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**तरावड़ी।** श्री भागवत सेवा समिति की ओर से शहर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। व्यास आचार्य ने छठे दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के दिव्य विवाह प्रसंग रुक्मणी मंगल का भावपूर्ण और विस्तृत वर्णन किया।

### जलियांवाला बाग हत्याकांड पीड़ादायक अध्याय : चौहान

**नीलोखेड़ी/करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि 1919 का जलियांवाला बाग हत्याकांड भारतीय इतिहास का एक अत्यंत दुखद और अमिट अध्याय है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। वे संस्थान में रेडियो ग्रामोदय 90.4 के कार्यक्रम "राम-राम हरियाणा" के माध्यम से श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं बनेंगी नीति निर्माता

# भारत की वीरांगनाएं हो जाएं चुनावी युद्ध के रण में उतरने के लिए तैयार: डा अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक और महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार का क्रांतिकारी कदम है इससे देश की आधी आबादी को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करेगा और नीति निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करेगा। डा. अर्चना गुप्ता सोमवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार एवं भाजपा से जुड़ी प्रमुख महिला पदाधिकारियों सहित सामाजिक संगठनों से जुड़ी अन्य महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी और संतुलित होगा। उन्होंने कहा कि यह कानून नए भारत की नारी के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक महिलाओं के निर्णय लेने की क्षमता अब और अधिक प्रभावी होगी।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मिलेगा देश की आधी आबादी को पूरा हक**



करनाल। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता।

### प्रधानमंत्री के निर्णय की सराहना

भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने प्रधानमंत्री के इस दूरदर्शी निर्णय की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि इस कानून के आने से आने वाले समय में देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं का नेतृत्व और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल समानता का मुद्दा नहीं, बल्कि एक बेहतर समाज निर्माण का आधार है। वैश्विक शोध लगातार दर्शाते हैं कि जब महिलाएं कार्यबल में अधिक संख्या में शामिल होती हैं, तो अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती है और आय में समानता आती है। महिलाओं की शिक्षा और नेतृत्व से विकास अधिक टिकाऊ और समावेशी बनता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर व्यापक परिवर्तन हुए हैं।


करनाल। बैठक लेते हुए मेयर रेणू बाला गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में उत्साहपूर्वक लें भाग : मेयर रेणु बाला गुप्ता

- 15 अप्रैल को करनाल में होगा लोकसभा स्तर पर आयोजन

**करनाल।** करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत 15 अप्रैल को करनाल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाली पदयात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने इस अभियान को महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि 15 अप्रैल को करनाल में लोकसभा स्तरीय नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो रघुनाथ नगर से प्रारंभ होकर सदर बाजार होते हुए कर्ण गेट तक पहुंचेगी। इसके साथ ही माया गार्डन में सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पदयात्रा महिलाओं की सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सामाजिक पहल के रूप में आयोजित की जा रही है। 15 अप्रैल को करनाल लोकसभा क्षेत्र में आयोजित पदयात्रा के माध्यम से महिलाएं एकजुट होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगी और समाज में सकारात्मक संदेश देंगी। सभी महिलाओं और नागरिकों से इस पदयात्रा में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान है।




## एलपीजी आपूर्ति संकट पर डिस्ट्रीब्यूटरों ने भरी हुंकार

- पांच राज्यों की संयुक्त बैठक में फेडरेशन का ऐलान
- गैस सप्लाई को लेकर सरकार व कंपनियों पर लगाए भ्रामक आंकड़े पेश करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिमखाना क्लब में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर फेडरेशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में देश के पांच राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने गैस आपूर्ति संकट को लेकर सरकार और तेल कंपनियों की कार्यशैली पर कड़ा असंतोष जताया। बैठक में सर्वसम्मति से चेतावनी दी गई कि यदि दमनकारी नीतियां और झूठे आंकड़ों का खेल बंद नहीं किया गया तो आने वाले समय में इसके गंभीर और अप्रत्याशित परिणाम सामने आएंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटर दो पाटों के बीच पिस रहे हैं। एक ओर केंद्र सरकार, पेट्रोलियम मंत्रालय, राज्य सरकार और जिला प्रशासन का दबाव है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि गैस की आपूर्ति 80 प्रतिशत तक सुचारू है, जबकि वास्तविकता में 50 प्रतिशत आपूर्ति भी नहीं हो पा रही। बैठक में फेडरेशन के प्रधान वीरेंद्र कुमार, सचिव मनोज बी नांगिया, मुकेश, सतेंद्र सिंह, डॉ सरोज बिश्नोई वह परमजीत कौर समेत कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मुख्य मांगें

- ⏭गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए
- ⏭बुकिंग अंतराल (25/45 दिन) की व्यवस्था तुरंत समाप्त हो
- ⏭सभी डिस्ट्रीब्यूटरों को पर्याप्त गैस उपलब्ध कराई जाए, ताकि बैकलॉग खत्म हो सके
- ⏭डीएससी व केवाईसी जैसी प्रक्रियाओं में राहत दी जाए
- ⏭मैन्युअल बुकिंग पर लगे प्रतिबंध हटाए जाएं
- ⏭डिलीवरी प्वाइंट सिस्टम लागू कर पारदर्शिता बढ़ाई जाए
- ⏭कमर्शियल गैस सप्लाई पर डिस्ट्रीब्यूटरों के अधिकार बहाल किए जाएं
- ⏭पीएनजी कनेक्शन के लिए जबरदस्ती और भारी सिक्योरिटी राशि की नीति समाप्त हो
- ⏭डिस्ट्रीब्यूटरों पर अनावश्यक प्रशासनिक दबाव बंद किया जाए।

## नव नियुक्त डीसी का किया स्वागत

- पदभार संभालने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल के नव नियुक्त डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। डीसी के आगमन पर एडीसी डॉ. राहुल रईया, सीटीएम मोनिका शर्मा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और पुलिस विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। बता दें कि हरियाणा सरकार की ओर से हाल ही में जारी आदेशों की अनुपालना में 2019 बैच के आई. ए. एस. अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने रोहतक से स्थानांतरण के उपरांत करनाल में डीसी के पद को ग्रहण किया है। डॉ. आनंद कुमार शर्मा इससे पहले रोहतक में नगर निगम आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और कई अन्य जिलों में भी बतौर एडीसी, एसडीएम सहित अन्य पदों पर अपनी प्रशासनिक सेवाएं दे चुके हैं।


करनाल। नव नियुक्त डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा का बुके देकर स्वागत करते हुए सीटीएम मोनिका शर्मा।

### होगा शहर का विकास

डीसी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आम जनता की समस्याओं का निराकरण करना प्राथमिकता में शामिल है। इसके अलावा जिला में चल रहे विकासात्मक परियोजनाओं की गति को और तेज किया जाएगा ताकि लोगों को मूलभूत आवश्यकताओं तथा सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने आश्वस्त किया कि करनाल की जनता का सहयोग लेकर करनाल शहर को साफ-सुथरा शहर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे।

## 327 करोड़ रुपये से होगा करनाल का विकास

- नगर निगम का बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित, विकास को मिलेगी नई गति : जगमोहन आनंद
- बजट करनाल को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बनाने में मील का पत्थर होगा साबित

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 का 347 करोड़ 13 लाख 45 हजार रुपये के प्रस्तावित व्यय का बजट सोमवार को सर्वसम्मति से पारित हो गया। इस बजट में जन सुविधाओं पर खर्च को लेकर गत वर्ष की अपेक्षा ज्यादा जोर दिया गया है। बैठक में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, करनाल के सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा, सभी 20 वार्डों के निगम पार्षद और निगम के वरिष्ठ अधिकारी तथा शाखा अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद ने प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि नगर निगम का यह बजट पूरी तरह से जनता को समर्पित है। को नई गति मिलेगी। उन्होंने पार्षदों को कहा कि सप्ताह में कम से कम 2 से 3 बार निगम कार्यालय आना चाहिए ताकि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रख सकें। उन्होंने नगर निगम के एएमसी को निर्देश दिए कि बजट के बारे में संक्षिप्त और विस्तृत जानकारी दी जाए ताकि किसी के मन में कोई संदेह न रहे।


करनाल। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद व साथ मेयर रेणू बाला गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### अगले बजट में प्री-बजट मीटिंग वार्ड

बैठक में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा किया कि यह बजट करनाल को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अगले बजट में प्री-बजट मीटिंग वार्ड स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि बजट निर्माण में आम जनता और वार्ड समितियों के सुझावों को भी शामिल किया जा सके और विकास योजनाएं धरातल की जरूरतों के अनुरूप बन सकें।

## एसएमएस स्कूल में बैसाखी पर्व की रही धूम

- एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बैसाखी एवं आंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बैसाखी एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल तथा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व से संबंधित रंगारंग प्रस्तुतियां जैसे भांगड़ा, गिद्धा एवं लोकगीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास का संचार हुआ। इसके साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं उनके आदर्शों पर आधारित भाषण, नाटक एवं कविताएं प्रस्तुत की गईं, जिनसे विद्यार्थियों को प्रेरणा प्राप्त हुई। बैसाखी का पर्व विशेष रूप से किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह रबी की फसल के पककर तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। विद्यालय में दोनों अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सामाजिक समानता, शिक्षा और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को बैसाखी और आंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने जीवन में परिश्रम, अनुशासन और सच्चाई को अपनाकर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।



तरावड़ी। एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चे कार्यक्रम में भाग लेते।

### प्रेरित किया

इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को इन पावन अवसरों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए तथा डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज के उत्थान में योगदान देना चाहिए। बैसाखी हमें मेहनत, खुशियों को साझा करने और प्रकृति का सम्मान करना सिखाती है, जबकि अंबेडकर जयंती हमें शिक्षा, समानता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देती है। इन दोनों त्योहारों से हमें एक अच्छा, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की शिक्षा मिलती है।

## बैसाखी पर बच्चों ने किया भंगड़ा

- श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक प्रेरणादायक व मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने अपनी खुशी का इजहार पंजाबी गीतों पर नृत्य करके किया। कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा पांचवीं के नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी पंजाबी वेशभूषा में अति मनमोहक लग रहे थे।सी॰वी॰ रामन हाउस के बच्चों ने स्कूल की सुबह की प्रार्थना सभा का विशेष आयोजन किया। उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने छात्रों की भागीदारी की सराहना की। सभी विद्यार्थियों ने अपनी खुशी का इजहार पंजाबी गानों पर नृत्य करके किया। कक्षा पांचवीं से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने बैसाखी के पर्व पर कविताएं प्रस्तुत की। प्रधानाचार्या श्रीमती विजयलक्ष्मी जी ने सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामना संदेश में कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए तथा एकजुट होकर त्यौहारों को मनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा जी ने संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर और जलियाँवाला बाग में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। और विद्यार्थियों को संबोधित करके महापुरुषों के पद चिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया।


तरावड़ी। कार्यक्रम में भाग लेते श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट के बच्चे व स्टाफ।

## खालसा साजना दिवस पर गुरु नानक खालसा कालेज में मनाया गया बैसाखी का पर्व

**विद्यार्थियों ने कडाह प्रसाद एवं दूध की छबील लगाकर दिया सेवा का संदेश**

# गुरु जी की फौज हमेशा दीन हीन की रक्षा के लिए रहती है तत्पर : डा. चूहड़

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

गुरु नानक खालसा कालेज में खालसा साजना दिवस पर वैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कालेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस के कुशल नेतृत्व, निर्देशन एवं मार्गदर्शन में प्राचार्य डा. चूहड़ सिंह, स्टाफ व विद्यार्थियों ने कॉलेज के द्वार पर भव्य शामियाना लगा कर कडाह प्रसाद एवं गर्म दूध की छबील लगाई। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के महासचिव सरदार सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा ने सेवाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा 13 अप्रैल 1699 को बैसाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। आज 327 वर्ष बाद भी गुरु महाराज द्वारा प्रदान की गई सेवाओं और शिक्षाओं के कारण आज भी साध संगत समर्पण, निष्ठा, साहस, शौर्य और त्याग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर आपसी भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि आज अमेरिका ईरान युद्ध में गुरु की फौज लेबनान में भी पहुंच कर लंगर सेवा बरता रही है। कालेज के प्राचार्य डा. चूहड़ सिंह ने बताया कि सवा लाख से एक लड़ाऊं तभी गोविंद सिंह नाम कहाऊं को चरितार्थ करते हुए कालेज के समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी वैसाखी पर्व पर सेवा, सदभावना एवं सहयोग का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कालेज के विद्यार्थियों में समाजिकता, परोपकार, सदभावना को जागरूक करने तथा अपने बलिदानी एवं वीरतापूर्वक इतिहास श्रद्धांजलि देते हुए यह पर्व उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है।


करनाल। वैसाखी पर्व छबील लगाकर सेवा करते हुए गुरु नानक खालसा कालेज स्टाफ।

### कार्यक्रम के मौके पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डा. देवी भूषण, डा. जुझार सिंह, डा. कृष्ण अरोड़ा, डा. जतिंद्र पाल सिंह, गुरपाल सिंह, डा. अमरजीत, डा. रमन भट्टी, प्रो. अंजु चौधरी, प्रो. अनिल कुमार सिंह, डा. दीपक, डा. भावना शर्मा, डा. बीर सिंह, स्टॉफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



## पीएनबी ने आंबेडकर जयंती पर बच्चों को किया सम्मानित, शिक्षा का दिया संदेश

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से गांव चौरा खालसा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को स्टेशनरी सामग्री व चॉकलेट वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सर्किल हेड त्रिमूर्ति शिव पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज में समानता, सशक्तिकरण और प्रगति संभव है। उन्होंने बैंक की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्कूल में इन्वर्टर लगाने की सहमति भी प्रदान की, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके सिद्धांतों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी गई।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग से 78 हजार ठगे

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-25 निवासी राममेहर सिंह से साइबर ठगों ने मधुमेह रोग को ठीक करने का झांसा देकर उनके बैंक खाते से करीब 78 रुपए निकाल लिए। वहीं, राममेहर की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्याम बाबा के दर्शनों को लगा भक्तों का तांता

**समालखा।** पानीपत के गांव चुलकाना गांव स्थित चुलकाना धाम में कृष्ण पक्ष की एकादशी पर श्री श्याम बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी गई। बाबा के दर्शनों को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब और दक्षिण भारत सहित देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों भक्त चुलकाना धाम पूजा-अर्चना के लिए आ रहे है। दूसरी ओर, प्रशासन ने भक्तों की सुविधाओं के लिए कोई सशक्त कदम नहीं उठाया है।

### घर से नगदी और जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के न्यू विजय नगर में रोहित के घर से चोरों ने 2 लाख रुपए नकद, चांदी की पायल की जोड़ी, सोने के झुमके, सोने का सेट और एक अंगूठी चोरी कर ली। इधर, रोहित की शिकायत पर थाना तहसील कैंप पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की।

### यूपी प्रवासी से 90 हजार ठगे

**पानीपत।** पानीपत की मुखीजा कालोनी निवासी जटा शंकर मूल निवासी उत्तर प्रदेश के साथ राज नगर में एक्सिस बैंक के एटीएम कक्ष में उनका डेबिट कार्ड बदलकर दो ठगों ने उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 89640 रुपए की निकाली की गई। वहीं, जटा शंकर की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना की आठ मरला पुलिस ने अज्ञात ठगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों से सचेत किया

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी कर जनता को साइबर ठग अपराध करने वालों से सचेत किया है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। हालांकि डिजिटल अरेस्ट गैर कानूनी है और ऐसा करने वाले खुद अपराधी है।

### दो बच्चों का दाखिला करवाया

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति ने दो जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने के लिए उसका स्कूल में दाखिला करवाया। वहीं, समिति की संचालक पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि गरीब परिवार सहायता समिति का प्रयास है कि धन के अभाव में कोई बच्चा अशिक्षित ना रहें, हर बच्चा शिक्षित हो, समिति जरूरमंद बच्चों को शिक्षित करवाने में हर संभव सहयोग दे रही है।

### छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण बैच की 22 प्रशिक्षार्थी छात्राओं को सोमवार को शहर के दो प्रमुख आधुनिक सैलूनों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य छात्राओं को ब्यूटी इंडस्ट्री के वास्तविक कार्य वातावरण, नवीनतम तकनीकों और सफल व्यवसाय मॉडल्स से परिचित कराना था।

### शिक्षा मंत्री ने वार्ड छह में चलाया गांव चलो, बस्ती चलो अभियान

# भारत की तरक्की सहन नहीं कर पा रही है कांग्रेसः ढांडा

**कांग्रेस देश की जनता का भला नहीं चाहती और विकास सहन नहीं कर पा रहीः महिपाल ढांडा**

*55 साल के शासन में कांग्रेस ने जनता के हित में कोई ठोस काम नहीं किया, वहीं भाजपा सरकार के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने अनेक विकास कार्य करवाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, देश की जनता का भला नहीं चाहती और ना ही देश की तरक्की कांग्रेसियों को सहन हो रही है। उन्होंने कहा कि 55 साल तक राज करने वाली कांग्रेस ने कोई भी ऐसा काम नहीं किया जिससे देश की जनता को लाभ मिला हो। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों विकास कार्यों को कराकर जनता का दिल जीत लिया है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सोमवार को वार्ड छह में आयोजित गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वहीं, ढांडा का पार्षद कोमल पांचाल व भाजपा नेता ईसम पांचाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि कांग्रेस के नेता देश की जनता को बरगला रहे हैं लेकिन देश की जनता उनके बहकावे में नहीं आ रही। उन्होंने लोगों से कहा कि ऐसे बहरूपियों से सावधान रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुशहाल और समृद्ध भारत देखना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से वह हर आम जनता की पीड़ा को समझकर अनेकों सुविधाएं देने का काम कर रहे हैं।



**पानीपत।** शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए पार्षद कोमल पांचाल, आदि।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा नेता विजेंद्र पांचाल, रविंद्र पांचाल, शिवकुमार उपाध्याय, भूपेंद्र पांचाल, पायल वधवा, सचिन सिंगला, डा.रफल सिंह कश्यप, रोहतास पांचाल प्रधान श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा, राजकुमार पांचाल प्रधान श्री विश्वकर्मा सभा, महेंद्र कश्यप समेत बडी संख्या में नागरिक, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थर्मल कर्मचारियों का 21वें दिन भी प्रदर्शन जारी, कॉलोनी मरम्मत में घोटाले के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मतलौडा

हरियाणा कर्मचारी महासंघ एचएसईबी वर्कर्स यूनियन (हेड ऑफिस भिवानी) द्वारा अपनी मांगों को लेकर थर्मल यूनिट पानीपत पर शुरू किया गया रोष प्रदर्शन सोमवार को 21वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ों कर्मचारियों ने बोर्ड प्रबंधन और थर्मल मैनेजमेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

राज्य प्रवक्ता जयवीर मान ने धरने की अध्यक्षता करते हुए मंच से थर्मल कॉलोनी में सिविल कार्यों में भारी धांधली के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कागजों में काम पूरा दिखाकर अधिकारी और ठेकेदार मिलीभगत कर रहे हैं, जबकि धरातल पर कर्मचारियों को रिहायशी सुविधाओं के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। यूनिट सचिव अशोक नागर के संचालन में चले इस प्रदर्शन को छाजपुर, मतलौडा , समालखा और पानीपत सर्कल के पदाधिकारियों ने भी समर्थन दिया। कर्मचारी नेताओं ने एमडी को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही केंद्रीय परिषद की बैठक बुलाकर समाधान नहीं निकाला गया, तो पूरे हरियाणा में बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा।



**मतलौडा।** पानीपत थर्मल गेट पर विरोध प्रदर्शन करने कर्मचारी

## श्रीलंका में पानीपत की सीमा ने दो मेडल जीते

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन निवासी सीमा कुमारी ने श्रीलंका में आयोजित साउथ एशियन जू. जीतशू प्रतियोगिता की निवाजा और फाइटिंग स्पर्धा में रजत एवं कांस्य पदक जीत कर देश, हरियाणा, पानीपत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। वहीं, सिम्मी के फिटनेस कोच प्रवीण नांदल ने बताया कि सीमा कुमारी उर्फ सिम्मी शेरिया तिरुपति मेडिकेयर लिमिटेड एवं श्री बी हेल्थकेयर लिमिटेड की संयुक्त प्रायोजित खिलाड़ी है। वहीं, सीमा प्रवीन नांदल स्पोर्टस अकादमी में कोच संजीव तोमर व फिटनेस कोच प्रवीण नांदल की संयुक्त देख रेख में प्रेक्टिस करती है। दूसरी ओर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने सीमा को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है।



**पानीपत।** सिल्वर व ब्रांज मेडल विजेता सीमा कुमारी।

## जलियांवाला बाग के शहीदों को नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के परिसर में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु संस्कारशाला क्लब एवं रेड रिबन क्लब द्वारा गरिमामय श्रद्धांजलि सभा की गई। वहीं, प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. सुनीत शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ निधान सिंह, प्रो सोनिया, डॉ. सीमा, प्रो अजय पाल सिंह, प्रो कनक शर्मा, डॉ जोगेश, डॉ, भगवंत कौर, डॉ मोनिका, डॉ पूनम, प्रो संगीता, प्रो निशा, प्रो मनित कौर, प्रो सुखजिंदर सिंह, प्रो प्रीती मालिक, प्रो नीरू, रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. विक्रम कुमार व संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्विनी गुप्ता एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर देशभक्ति के नारे लगाए। वहीं बलिदान की याद में 107 दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया गया।

## आंखों के स्वाथ्य पर हमेशा गंभीर रहेंः डॉ गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंसल सुशांत सिटी स्थित दीवान हॉस्पिटल में गुप्ता आई हॉस्पिटल ने अपनी नई ब्रांच खोलने के साथ ही जनता की निष्काम सेवा शुरू कर दी है। गुप्ता आई हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कनव गुप्ता ने डॉक्टर कृतिका के साथ ने जनता के सहायतार्थ निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया। वहीं, डॉ. कनव गुप्ता व डॉ. कृतिका कैंप में 130 नागरिकों की आंखों की जांच की गई। दूसरी ओर, जांच में जिन लोगों की आंखों में रोग मिले उन्हें दवाइयां दी गई। इधर, डॉ. कनव गुप्ता व डॉ. कृतिका ने आंखों से कम व धुंधला दिखना, लाली होने पर तत्काल डॉक्टर से अपना उपाचार करवाए, लापरवाही इंसान को अंधा बना सकती है। इधर, डॉ कृतिका ने बताया कि तेज धूप से बचाव को नागरिक सन गिलास जरूर लगाए। आंखों को तोज पानी से धोए, रोग के लक्षण नजर आने पर उनसे जांच करवाए।



**पानीपत।** डॉ. कनव गुप्ता व डॉ. कृतिका, नागरिक की आंखों की जांच करते हुए।



**इसराना।** बॉक्सर कनिष्का का आशीर्वाद देते हुए शिक्षक आदि। फोटोः हरिभूमि

### बॉक्सर कनिष्का ने गोल्ड जीता

**इसराना।** पंजाब के पटियाला में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर के महिला वर्ग में दी एक्सल इंटर नेशनल स्कूल गांव डाहर की छात्रा बॉक्सर कनिष्का ने स्वर्ण पदक जीत कर हरियाणा व पानीपत का नाम रोशन किया है। इधर, स्कूल की प्रबंधक व प्राचार्या हरमीत कौर के साथ कृष्णपाल त्यागी, शौकी त्यागी व एकता त्यागी स्कूल प्रशासन ने कनिष्का का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगीः जयदेव

- पानीपत से बडी संख्या में भाजपाजन बंगाल में पार्टी का चुनाव प्रचार कर रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पश्चिम बंगाल में भाजपा का चुनाव प्रचार कर रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता जयदेव नौल्था ने दावा किया कि बंगाल में इस बार जनता ममता के कुशासन का अंत कर चुनाव में भाजपा को बहुत देकर सरकार बनने जा रही है। वहीं, जयदेव ने बताया कि करनाल से सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा से सांसद संजय भाटिया के मार्ग दर्शन में पानीपत से कोलकत्ता गए भाजपाई, वहां पर पार्टी के प्रत्याशियों का योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रचास कर जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल की जनता हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत भाजपा शासित प्रदेशों की तरक्की से प्रभावित है और अपना मन बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनवाने का बना चुकी है।



**पानीपत।** कोलकत्ता में सांसद संजय भाटिया के साथ जयदेव नौल्था आदि भाजपा नेता।

## तपेदिक रोग से बचाव को जागरूक किया



**पानीपत।** एसडी कालेज में जनता को रोग के विरूद्ध जागरूक करने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के अवसर पर एड्स और तपेदिक रोग के बारे में वाईआरसी काउंसलरस को सेमिनार के माध्यम से जागरूक किया गया। सेमिनार कॉलेज वाईआरसी और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। अंजू काउंसलर और मनोचिकित्सक पीएसआई पानीपत ने दोनों बीमारियों के बारे में और इनसे बचने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। सेमिनार का प्रारम्भ प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, कॉलेज वाईआरसी काउंसलर डॉ.राकेश गर्ग और एनएसएस अधिकारी डॉ.संतोष कुमारी ने पौधा रोपित गमला भेंट करके किया। सेमिनार में डॉ.एसके वर्मा और प्रो.मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर काउंसलरस ने एड्स और तपेदिक के बारे में जागरूक करने की शपथ उठाई।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**अलका चक्रवर्ती पुत्री श्रीमति वनिता दुआ निवासी मकान नम्बर 1039, सैक्टर 13/17, हुडा पानीपत।**

**जनरल पब्लिक**

**बनाम**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है अलका चक्रवर्ती पुत्री श्रीमति वनिता दुआ निवासी मकान नम्बर 1039, सैक्टर 13/17, हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमति वनिता दुआ धर्मपत्नी लेट श्री नन्द लाल दुआ निवासी मकान नम्बर डी-401, अंसल सुशांत सिटी पानीपत की दिनांक 15-01-2026 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है। अनिता रानी परूथी वार्ड नम्बर 1, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:- 1- अलका चक्रवर्ती पुत्री, व 2- अर्चना सिंह पुत्री, व 3- नीलू नाकरा पुत्री, व 4- रूचि छाबडा पुत्रीयान श्रीमति वनिता दुआ यानि कुल 4 ही वारिस है। इनके ईलावा मृतक श्रीमति वनिता दुआ धर्मपत्नी लेट श्री नन्द लाल दुआ का अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेंगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत**



**मतलौडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

### मतलौडा कॉलेज में गूंजी नारी शक्ति की आवाज

**मतलौडा।** स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. राजपाल कौशिक के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ और राजनीति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'प्रतिनिधित्व से सशक्तिकरण तक' रहा। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. रामनिवास ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र तभी संभव है जब महिलाओं की राजनीति में समान भागीदारी हो। वहीं डॉ. प्रदीप दलाल ने इस अधिनियम को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं की सहभागिता के बिना देश की प्रगति अधूरी है। कार्यक्रम का संचालन लीना द्वारा किया गया। इस दौरान तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने कहा कि महिलाओं को नीति निर्माण और देश के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विधानसभा व लोकसभा में लैंगिक अंतर को समाप्त करने के प्रति जागरूक करना था।

### डॉ अंजू और एसटीएस गुरुदत्त ने लोगों को जानकारी दी

# नुक्कड़ नाटक कर एड्स के विरुद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे सोमवार को सिविल अस्पताल व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के विषय पर नुक्कड़ नाटक कर जनता को एचआईवी एड्स फैलने और उससे रक्षण के विषय पर जागरूक किया। इधर, सिविल अस्पताल से कॉउंसलर डॉ अंजू और एसटीएस गुरुदत्त ने जनता को एड्स के विरूद्ध जागरूक किया। जबकि प्राचार्य प्रो. डॉ जगदीश गुप्ता व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के काउन्सलर डॉ विजय सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थी नुक्कड नाटक का मंचन करते हुए।

**युवाओं को रहना होगा जागरूक**

प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को खुद जागरूक रहना पड़ेगा तभी समाज मे व्याप्त भ्रांतियों को समाप्त किया जा सकता है। वहीं, हर व्यक्ति को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की स्वेच्छा से जांच करवानी चाहिए।

